पत्र संख्या –26/विविध–06–30/2026 ............................/

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी के अंतर्गत A.E work for construction of crated boulder bed bars slope pitching with crated boulders in vill-jamla near Bagmati left afflux embankment km 1.00 to 2.0" (Agenda No-220/54/2025) एकरारनामा सं0–03SBD/2025-26 दिनांक–31.01.2026 के तहत संवेदक अनन्या आशुतोष इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, 57, रामजानकी भवन, साकेतपुरी, राजा बाजार, पटना को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–20.03.2026 थी।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर ससमय कार्य पूर्ण कराने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद संवेदक द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। फलस्वरूप दिनांक–14.05.2026 तक कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 70 प्रतिशत हीं रही, जो अपेक्षित प्रगति से काफी कम है।

उक्त कार्य आपदा जनित कार्य है, जिसे हर हाल में दिनांक–20.03.2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित था। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जाना कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है।

कार्य में शिथिलता बरतने एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–2055 दिनांक–14.05.2026 द्वारा संवेदक अनन्या आशुतोष इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, 57, रामजानकी भवन, साकेतपुरी, राजा बाजार, पटना को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2655 दिनांक–19.05.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–231 दिनांक–24.05.2026 से कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा में उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 73 प्रतिशत हीं है। आपदा से संबंधित कार्य होने के बावजूद निर्धारित तिथि से लगभग 2½ महीनो के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है।

उक्त से स्पष्ट है कि विभागीय पदाधिकारियों द्वारा बार–बार निदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण करने का सम्यक प्रयास संवेदक द्वारा नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाहीं एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार

ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक अनन्या आशुतोष इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि०, 57, रामजानकी भवन, मछलीटोली, अशोका टावर के नजदीक, साकेतपुरी, राजा बाजार, पटना, पिन कोड–800014 (निबंधन सं०–WRD121225C10P85, श्रेणी–प्रथम) को इस कार्य के पूर्ण होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह० /–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26/विविध–06–30/2026 पटना/दिनांक :..................................

प्रतिलिपिः– अनन्या आशुतोष इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि०, एम०डी०–धनंजय कुमार सिंह, 57, रामजानकी भवन, मछलीटोली, अशोका टावर के नजदीक, साकेतपुरी, राजा बाजार, पटना, पिन कोड–800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह० /–
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–30/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० /–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–30/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो० एवं मो०, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो० एवं मो०, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० /–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–06–30/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–2055 दिनांक–14.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० /–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः— 26 / विविध—06—30 / 2026 3139 पटना, दिनांक : 5/6/26

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/6/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।